This question paper contains 3 printed pages.]

आपका अनुक्रमांक ....

7726 **A**

M.A. (एम. ए.)/IV Sem.

HINDI (हिन्दी)

Paper 4074 : Adhunik Vishwa Sahitya

Group-G : आधुनिक हिन्दी साहित्य

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 70

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

टिप्पणी : प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक नियमित कॉलेजों (श्रेणी 'A') के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं। तथापि ये अंक NCWEB के विद्यार्थियों के सम्बन्ध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में अधिक होंगे।

1. चेखव की कहानियों में वर्णित रूसी समाज की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

अथवा

"चेखव की कहानियों में निराशा और आशा के बीच सतत द्वन्द्व है।" इस कथन की विवेचना कीजिए। 14

2. "चेस्लाव मीलोष बीसवीं सदी के व्यवस्था-विरोध के कवि हैं।" इस कथन पर विचार कीजिए।

अथवा

"चेस्लाव मीलोष की कविताएँ व्यक्ति बने रहने की कठिनाई बयान करती हैं।" इस कथन की समीक्षा कीजिए। 14

3. " 'न्यायप्रिय हिंसा' हिंसा की व्यर्थता का नाटक है।" इस कथन पर अपना मंतव्य व्यक्त कीजिए।

अथवा

'न्यायप्रिय' में व्यक्त विद्रोह की अवधारणा पर विचार कीजिए। 14

4. " 'एकांत के सौ वर्ष' पूरे दक्षिण अमरीका की संस्कृति और इतिहास का आईना है।" विचार कीजिए।

अथवा

'एकांत के सौ वर्ष' का यथार्थ जादुई क्यों प्रतीत होता है? उत्तर दीजिए। 14

5. निम्नलिखित अंशों का संदर्भ सहित आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए :

(क) यदि समाज विज्ञान, वैज्ञानिकों और विद्यार्थियों से सच्चा प्रेम करता जैसे निकोलाई करता है तो हमारा साहित्य बहुत पहले से किस्सों, कहानियों व खण्डकाव्यों से अलंकृत हो उठता जिनका दुर्भाग्यवश अभी अभाव है।

अथवा

देखने के लिए

अपनी आँख को कनखियाना चाहिए,

चीजों को उनके बाहर से देखना चाहिए

एक तत्व एक प्रसन्न राहगीर का चेहरा भी बन सकता है... 7

(ख) ''लेकिन यह मत भूलो कि जब तक ईश्वर ने हमें जीवन बख्शा है, तब तक हम लोग माँ ही रहेंगी, और तुम चाहे कितने बड़े ही क्रांतिकारी क्यों न हो जाओ, निरादर की पहली गंध मिलते ही पेंट उतार कर तुम्हारी धुनाई करने का हमारा अधिकार अक्षुण्ण रहेगा।''

अथवा

एक आदर्श प्रधान ड्यूक की तो हत्या कर सकता है, लेकिन बच्चों को नहीं मार पाता। यह है वह वास्तविकता जो तुम्हें मालूम हुई। अब एक प्रश्न उठता है अगर तुम्हारा आदर्श बच्चों को नहीं मार सका, तो क्या वह प्रधान ड्यूक की हत्या करने के काबिल था? 7